प्रेस नोट दिनांक 20.11.2024
थाना बारादरी जनपद बरेली।
थाना बारादरी बरेली पुलिस द्वारा थाना बारादरी क्षेत्रांतर्गत संजय नगर रोड पर कुंवर बारात घर के पास एक महिला को गोली मारकर हत्या करने वाले 02 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार।

दिनांक 16.11.2024 को चौकी क्षेत्र मॉडल टाउन मे स्थित संजय नगर रोड पर कुंवर बारात घर के पास मोटरसाइकिल सवार दो अभियुक्तो द्वारा महिला रूपवती पत्नी स्व0 प्रेमशंकर निवासी संजय नगर थाना बारादरी बरेली की गोली मारकर हत्या करने के सम्बन्ध में वादिनी पायल पुत्री स्व0 प्रेम शंकर निवासी संजय नगर थाना बारादरी बरेली की लिखित तहरीर के आधार पर थाना बारादरी पर मु0अ0स0 1183/2024 धारा 103(1)/61 बीएनएस बनाम अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत किया गया

उच्चाधिकारियों द्वारा घटना के अनावरण हेतु प्रभारी निरीक्षक बारादरी के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया जिसके क्रम में आज दिनांक 20.11.2024 को थाना बारादरी पुलिस टीम द्वारा उक्त घटना का सफल अनावरण करते हुये 02 अभियुक्तगण क्रमशः 1. सार्थक पुत्र रंजीत निवासी संजय नगर श्रेया बारात घर के पास थाना बारादरी बरेली एवं 2. सागर पुत्र पप्पू निवासी सिकलापुर मिट्ठूमल चौक के पास थाना बारादरी जिला बरेली को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से एक तमन्चा नाजायज 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर उक्त अभियोग में धारा 3/25/27 आर्मस एक्ट व धारा 61 बीएनएस की बढौतरी की गयी। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी।

पूछताछ-

पकडे गये अभियुक्त सार्थक पुत्र रंजीत उपरोक्त के द्वारा पूछताछ में बताया गया कि रूपवती संजय नगर स्थित हमारी ही गली में रहती है। रूपवती का हमारे परिवार से विवाद चलता था, आये दिन किसी न किसी बात को लेकर विवाद करती थी और मेरे परिवार वालो को जान से मरवाने की धमकी देती थी। इसी बीच अप्रैल 2024 को मेरी बहन पल्लवी उम्र करीब 17 साल अचानक घर के कमरे में फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली, उस समय हम लोगों ने उसका पोस्टमार्टम व पंचायतनामा की कार्यवाही नहीं करायी थी। पल्लवी मेरी एकलौती बहन थी उसी दिन से मेरे दिल दिमाग में यह बात बैठ गयी कि मेरी बहन की हत्या रूपवती ने ही की है चूंकि उस समय हमारे पास कोई ठोस सबूत नही थी, इस बजह से हमने रिपोर्ट नही की थी, लेकिन मैने अपने मन में रूपवती से बदला लेने की बात ठान ली थी। यह बात मेरे दिमाग में तब और घर कर गयी जब मो0 नई वस्ती माधौबाडी थाना बारादरी बरेली के रहने वाले जगदीश नामक तांत्रिक के द्वारा भी मेरी बहन की मौत में किसी महिला के शामिल होने की बात बतायी गयी। मैं जगदीश तांत्रिक से अप्रैल 2024 के महीने में ही मिला था , इसके बाद मैने अपने साथी सागर पुत्र पप्पू निवासी सिकलापुर मिट्ठूमल चौक के पास थाना बारादरी जिला बरेली और निखिल चन्द्रा निवासी मठ की चौकी थाना कोतवाली नगर बरेली से सम्पर्क कर असलाहे कारतूस का इन्तजाम किया, फिर मैने अपने साथी सागर और निखिल चन्द्रा के साथ रूपवती को मारने की योजना तैयार की। रूपवती मो0 संजय नगर में कुंवर बैंकट हॉल के पास नॉनवेज नास्ते का ठेला लगाती थी, मैं पहले से वहां खडा था, सागर मोटरसाइकिल चला रहा था और निखिल चन्द्रा पीछे बैठा था ,पहचान न हो सके इसीलिए मैने इन दोनो को हेलमेट लगाने के लिए कह दिया था। असलहे का इन्तजाम मैने करके दिया था और दूर खडे होकर मैनें ही रूपवती की पहचान करायी थी, पीछे बैठे निखिल चन्द्रा ने गोली चलायी थी और गोली मारने के बाद शमशान भूमि तिराहे की तरफ भाग गये। थोडी देर बाद मैं भी उनके पीछे पीछे वहां से चला गया था। असलहा और मोटरसाइकिल भागे हुए निखिल चन्द्रा के पास है, काम पूरा होने पर मेरे द्वारा दोनो साथियो को 20-20 हजार रूपये देने की बात मैने तय की थी। घटना मे प्रयुक्त 315 बोर का नाजायज तमन्चा व 02 जिन्दा कारतूस व एक मोटरसाइकिल UP 25 AJ 9423 होन्डा यूनिकॉन जो घटना में प्रयुक्त की गयी मय एक काला हैलमेट के साथ गिरफ्तार किया गया ।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः -

सार्थक पुत्र रंजीत निवासी संजय नगर श्रेया बारात घर के पास थाना बारादरी बरेली

1. मु0अ0स0 1183/2024 धारा 103(1)/61 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बारादरी बरेली
2. मु0अ0सं0 594/2024 धारा 307 आईपीसी थाना बारादरी बरेली ।

सागर पुत्र पप्पू निवासी सिकलापुर मिट्ठूमल चौक के पास थाना बारादरी जिला बरेली

1. मु0अ0स0 1183/2024 धारा 103(1)/61 बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना बारादरी बरेली
2. मु0अ0सं0 594/2024 धारा 307 आईपीसी थाना बारादरी बरेली ।
3. मु0अ0सं0 112/2021 धारा 363/506 आईपीसी थाना बारादरी बरेली

फरार अभियुक्त का नाम

निखिल चन्द्रा पुत्र स्व0 विनीत चन्द्रा निवसी मठ की चौकी शराब भट्टी वाली गली थाना कोतवाली नगर बरेली

बरामदगी-

1. घटना मे प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल होन्डा यूनिकॉन UP 25 AJ 9423
2. एक देशी तमंचा 315 बोर मय 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर
3. घटना में प्रयुक्त एक हैलमेट रंग काला
4. दो मोबाइल फोन क्रमशः- 01. रेडमी व 02. टेक्नो

पुलिस टीम-

1. उ0नि0 अनूप कुमार चौकी प्रभारी जोगी नवादा थाना बारादरी बरेली ।
2. उ0नि0 वैभव गुप्ता चौकी प्रभारी माडल टाउन थाना बारादरी बरेली ।
3. का0 1323 बलवेन्द्र थाना बारदारी बरेली ।
4. का0 798 पंकज कुमार थाना बारादरी बरेली
5. हे0का0 804 उमेश कुमार थाना बारादरी बरेली